CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 95 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 21 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का आरोप - राजस्थान में अपराध और गुंडागर्दी चरम पर, भाजपा विधायक शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की राजनीति में बढ़ती हिंसा और अराजकता को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बलात्कार, हत्या, चोरी और डकैती जैसे अपराध आम हो गए हैं और अब तो भाजपा विधायक भी गुंडागर्दी में लिप्त हो रहे हैं। गहलोत ने विशेष रूप से चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन में हुई हिंसक घटना का जिक्र किया, जिसमें भाजपा विधायक अर्जुनलाल जीनगर पर आरोप है कि उन्होंने चुनावी वादे की याद दिलाने पर युवक सूरज माली पर जानलेवा हमला किया। गहलोत ने कहा कि चुनाव का वादा याद दिलाने पर पीड़ित युवक पर हमला लोकतंत्र की नई तस्वीर है । हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं और उसके शरीर में 25 से अधिक फ्रैक्चर पाए गए हैं, जिसकी वजह से डॉक्टर अभी तक उसका ऑपरेशन नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि क्या भाजपा विधायकों से सवाल पूछने पर आमजन की जान लेने का प्रयास किया जाएगा? और क्या पुलिस ऐसे प्रभावशाली नेताओं पर कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा पाएगी गहलोत ने आरोप लगाया कि घटना के मुख्य आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। वे रविवार को कपासन जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे।



### गहलोत आज भीलवाड़ा दौरे पर, मीडिया से करेंगे संवाद

**भीलवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को भीलवाड़ा के दौरे पर रहेंगे। गहलोत सुबह कपासन में सामाजिक कार्यकर्ता पर हुए हमले के विरोध में चल रहे धरने पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर में भीलवाड़ा पहुंचेंगे। शाम 6 बजे सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में वे कांग्रेस के संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ और वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान को लेकर पत्रकारों से मुखातिब होंगे। गहलोत रात में भीलवाड़ा में ही विश्राम करेंगे।

## स्वरूपगंज चौकी प्रभारी सहित चार कांस्टेबल लाइन हाजिर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हमीरगढ़ थाने की स्वरूपगंज चौकी पर एसपी ने शिकायतों के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए प्रभारी और चार कांस्टेबलों को लाइन हाजिर कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर चौकी प्रभारी विकास यादव कांस्टेबल विशम्बर दयाल, मनोहरलाल, राहुल शर्मा और नेतराम गुर्जर को लाइन हाजिर किया है।

## अवैध बजरी परिवहन करते दो डंपर और चार ट्रैक्टर जब्त , पुलिस को देख वाहन छोड़ भागे चालक





**भीलवाड़ा फोकस @ फुलियाकलां**

थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर और चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध बजरी सहित जब्त किया। जानकारी के अनुसार पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने देवमण्ड-कजोडिया रोड, बांसेड़ा और कजोडिया चौराहा क्षेत्र में नाकाबंदी व गश्त के दौरान बिना रवन्ना टीपी के अवैध बजरी से भरे वाहन पकड़े गए । नाकाबंदी के दौरान वाहन चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़ मौके से भाग गए । पुलिस ने वाहनों को जब्त कर लिया। अवैध बजरी खनन के इन मामलों में पुलिस ने अलग-अलग मामला दर्ज कर माइनिंग विभाग को सूचना दी है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है ।

## चंबल में खेल बना मौत का मैदान, मासूम को मगरमच्छ ने खींचा पानी में

**भीलवाड़ा फोकस @ धौलपुर**

चंबल नदी का शांत पानी शनिवार दोपहर कारीतीर घाट पर अचानक दहशत में बदल गया। महज़ आठ साल का नरसी, जो दोस्तों के साथ पानी में मस्ती कर रहा था, पलक झपकते ही मगरमच्छ के जबड़ों में जा फंसा। नदी किनारे गूंजती चीखों ने पूरे गांव को हिला दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नरसी अपने साथियों के संग नहाते हुए किनारे से थोड़ी दूर ही गया था कि पानी के भीतर से मगरमच्छ ने हमला किया। बच्चे को दबोचकर शिकारी उसे गहरे पानी की ओर घसीट ले गया। साथी बच्चे घबराकर चीखने लगे और गांव से लोग दौड़ते हुए घाट पर पहुंचे। इसके बाद नदी किनारे मानो जंग छिड़ गई। ग्रामीण डंडे और रस्सियां लेकर नदी में उतर गए। मगरमच्छ बच्चे को जबड़ों में दबाए सुरक्षित जगह खोज रहा था। करीब पांच घंटे की घेराबंदी के बाद शाम सात बजे नरसी का शव मगरमच्छ के चंगुल से निकाला जा सका। मगर तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं।



घटना से पूरा कारीतीर गांव सदमे में डूब गया है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि घाट के आसपास पहले भी कई बार मगरमच्छ देखे गए हैं, लेकिन सुरक्षा इंतज़ाम के अभाव में यह हादसा हो गया। अब लोगों ने प्रशासन से तत्काल चेतावनी बोर्ड लगाने और घाट पर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की पुत्रवधू की संदिग्ध मौत, भाई ने पति पर हत्या का आरोप लगाया


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के बिजौलिया कांग्रेस पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष छित्तर प्रजापत की पुत्रवधू नेहरू विहार में रहने वाली 42 वर्षीय महिला मैना प्रजापत संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। मृतका के भाई ने पुलिस के सामने पति पर हत्या का शक जताया और मामले की जांच की मांग की। घटना के बाद पीहर और ससुराल पक्ष के बीच मोर्चरी में जमकर हंगामा हुआ।

पुलिस के अनुसार, मैना पत्नी रमेशचंद्र प्रजापत की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। शनिवार को मृतका के भाई और अन्य परिजन मोर्चरी पहुंचे, जहां अंतिम संस्कार को लेकर दोनों पक्षों में विवाद और हंगामा हुआ। लंबी बातचीत के बाद शव पीहर पक्ष को सौंपा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

## बेड़च नदी हादसे में डूबे उदल का शव आधा किलोमीटर दूर 24 घंटे बाद मिला






**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास क्षेत्र के चंवरा बालाजी के पास बेड़च नदी में शुक्रवार दोपहर नहाते समय हुए हादसे में डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद शनिवार को आधा किलोमीटर दूर मिला। गोपाल कीर और उसका दोस्त उदल (उदय) कीर नदी में नहा रहे थे, तभी गहरे पानी में चले जाने से दोनों डूबने लगे। गोपाल किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन उदल लापता हो गया। सूचना पर बीगोद थाना पुलिस, एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। शुक्रवार शाम घना अंधेरा और गहरे पानी के कारण तलाशी रोकनी पड़ी। शनिवार सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू हुआ और दिनभर की तलाश के बाद शाम करीब चार बजे घटनास्थल से आधा किलोमीटर दूर उदल का शव बरामद हुआ।

बिगोद थाना एएसआई सत्यनारायण वैष्णव ने बताया कि उदल (20) कचौलिया निवासी था और अपने दोस्त गोपाल के साथ ननिहाल रामनगर, माताजी का खेड़ा आया हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



## जयपुर सेंट्रल जेल से दो कैदी फरारः डेढ़ घंटे घूमते रहे, सोते रहे प्रहरी, 10 सस्पेंड

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

जयपुर सेंट्रल जेल से दो कैदियों की फरारी ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। नवल किशोर महावर और अनस कुमार ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जेल की 13 नंबर बैरक से सरिये काटे और बाहर निकल गए। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि डेढ़ घंटे तक दोनों जेल परिसर में घूमते रहे और जेल प्रहरी गहरी नींद में सोते रहे। जेल प्रशासन के मुताबिक, दोनों कैदियों ने पहले से प्लान तैयार कर रखा था। रोल कॉल के बाद वे अपने वार्ड से निकलकर अंधेरे में जेल के भीतर रास्ता तलाशने लगे। इस दौरान वे महिला जेल की दीवार के पास भी गए, जहां कंबल का इस्तेमाल कर भागने का पहला प्रयास किया, लेकिन कंबल फटने से उनका यह प्रयास नाकाम रहा।

करीब डेढ़ घंटे की खोजबीन और सर्चिंग के बाद दोनों कैदियों ने मुलाकात कक्ष के पास रखे पानी के प्लास्टिक पाइप का सहारा लिया। एक-एक कर उन्होंने 26 फीट ऊंची जेल की दीवार फांदी। दीवार से नीचे कूदते समय अनस कुमार घायल हो गया और उसके सिर से खून बहने लगा। थोड़ी देर सड़क पर बैठा रहा, फिर साथी ने सिर पर पट्टी बांध दी और वह अपने घर मालपुरा गेट पहुंचा। पुलिस ने शनिवार शाम 4 बजे उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं, नवल किशोर महावर की तलाश जारी है।

## राजस्थानः 100 करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ अलवर**

अलवर पुलिस ने ऑपरेशन ÷साइबर संग्राम÷ के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में मास्टरमाइंड संजय अरोड़ा और प्रेम पांचाल सहित 6 आरोपी गिरफ्तार हुए।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह कमीशन का लालच देकर सैकड़ों फर्जी अकाउंट खुलवाता था और इन्हें सट्टेबाजी, ऑनलाइन गेमिंग व साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोहों को बेच देता था। खाते फ्रीज होने से पहले ही ठगी की रकम मिनटों में ट्रांसफर कर दी जाती थी।

अब तक 41 करोड़ की ठगी से जुड़ी 101 शिकायतें और संदिग्ध अकाउंट में करोड़ों के लेनदेन उजागर हुए हैं। छापेमारी में दर्जनों एटीएम-चेकबुक, मोबाइल, सिम और म्यूल अकाउंट के सबूत बरामद किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्ढ्ढञ्ज गठित कर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

## रंगताली-2025 गरबा महोत्सव आज से



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर माहेश्वरी महिला संस्थान, द्वारा आयोजित भव्य गरबा महोत्सव रंगताली नवरात्रि की पूर्व संध्या पर 21 और 22 सितम्बर को हरणी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम परिसर में आयोजित होगा। नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और विभिन्न संगठन विशेष गरबा प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में किड्स, गर्ल्स, बॉयज, लेडीज, कपल और फैमिली राउंड होंगे। बेस्ट स्टेप, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट परफॉर्मेंस के साथ कई सरप्राइज गिफ्ट्स भी दिए जाएंगे। आयोजन की प्रभारी टीम में निशा सोनी, मोना डाडा, नीलम दरगड़, लीना कोठारी, रेखा लढ्ढा और रेखा सोडानी शामिल हैं, जबकि मैनेजमेंट टीम विनीता तोषनीवाल, स्नेहलता तोषनीवाल, वीणा मोदी, अनु मोदी और सीमा बिरला संभालेंगी। महिलाओं के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा, पुरुषों को एंट्री पास लेना होगा।

# सूदखोर पिता-पुत्र के आतंक के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश , सौपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

उप नगर पुर के सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को बार काउंसलिंग अध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सूदखोर पिता-पुत्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि पिता-पुत्र कम रकम पर लोन देकर प्रलोभन देते हैं और बाद में 10-12% ब्याज जोड़कर वसूलने के लिए मारपीट, धमकियां और जमीनों पर नाजायज कब्जा करते हैं। पिता-पुत्र में से एक एडवोकेट हैं, जो वकील होने का लाभ उठाकर लोगों को दबाव में रखते हैं।



हाल ही में गांव के एक वरिष्ठ नागरिक के साथ मारपीट हुई । मॉर्निंग वॉक पर निकले वरिष्ठ नागरिक को पिता-पुत्र ने जबरन घर में घसीटा और मारपीट की। उनकी पत्नी बीच में आई तो उसके साथ भी मारपीट हुई। शिकायत करने पर पुर थाना पुलिस ने केवल एक आरोपी को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया, जबकि गंभीर आरोपों पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिता-पुत्र लगातार डर दिखाकर ब्याज वसूलते हैं, मूल राशि लौटाने के बाद भी दस्तावेज और स्टांप नहीं लौटाते और अतिरिक्त रकम की मांग करते हैं। इस वजह से पूरे गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुर थाना प्रभारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

## भाजपा जिला कार्यालय में आज होगी समीक्षा बैठक, प्रदर्शनी का करेंगे सांसद सीपी जोशी उद्घाटन




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन की समीक्षा बैठक एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन रविवार सुबह 10.15 बजे भाजपा जिला कार्यालय में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी होंगे, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि सांसद सीपी जोशी सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनके जनहितकारी कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत अब तक आयोजित कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, अभियान संयोजक, सहसंयोजक और पार्षदगण भाग लेंगे।



### भाजपाइयों ने देखी "चलो जीते हैं" डॉक्यूमेंट्री

सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा जिला संगठन द्वारा आईनॉक्स सिनेमा में दिखाई जा रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री चलो जीते हैं का विशेष शो दूसरे दिन शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने देखा। तीसरे दिन आसींद विधानसभा क्षेत्र के भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा एवं विधायक जब्बरसिंह सांखला के नेतृत्व में फिल्म का अवलोकन किया।

# नगर पालिका में सरकारी और आबादी भूमि के पट्टों के लिए ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**कपिल श्याम विजय।** ग्राम पंचायत से नगर पालिका में क्रमोन्नत होने के बाद बिजोलिया नगर पालिका ने सरकारी आबादी भूमि के पट्टों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीबों को जल्द छत उपलब्ध कराना और पट्टों का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करना है, न कि केवल अमीरों को और अमीर बनाने का साधन उपलब्ध कराना ।

मंगल ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जारी किए जाने वाले पट्टों में पंचायत से पहले जारी पट्टे भी शामिल होंगे, जिन्हें अब पुनः नगर पालिका के माध्यम से वैध बनाया जाएगा।



आवेदन के दौरान नागरिकों को पूर्व में जारी बापी पट्टों और पुश्तैनी जमीन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पट्टों पर निर्धारित तीन साल की अवधि में निर्माण नहीं होगा या नियमन नहीं कराया जाएगा, वे पूर्व पट्टे नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में लौट आएंगे, ताकि खाली भूखंडों का दुरुपयोग न हो। हालांकि जिन भूखण्डों पर भवन निर्माण नहीं हुआ है , ऐसे भूखंड धारी भी नगरपालिका में शिविर के दौरान भवन निर्माण हेतु आवेदन करके 2027 तक भवन निर्माण में बड़ी हुई छूट का लाभ ले सकेंगे । इस ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से नागरिक अब घर बैठे ही आवेदन कर सकेंगे। पंजीकरण, आधार आधारित ई-केवाईसी और स्टांप शुल्क का भुगतान पूरी प्रक्रिया के बाद पट्टे ऑटो-जनरेटेड रूप में जारी किए जाएंगे। मंगल ने नागरिकों से अपील की कि वे शहर चलो अभियान और सेवा पखवाड़ा के दौरान पट्टों के लिए आवेदन करें, जिससे प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और व्यवस्थित हो सके। नगर पालिका अधिकारी मंगल का कहना है कि इस कदम से न केवल पट्टों का वितरण पारदर्शी होगा बल्कि गरीब परिवारों को अपनी जमीन पर कानूनी अधिकार मिलने में भी मदद मिलेगी। पट्टों का उद्देश्य स्पष्ट है-नागरिकों को अपनी छत मिले और पट्टे वैध रूप में उपलब्ध हों, न कि केवल संपत्ति में वृद्धि करने वाले व्यक्तियों को लाभ पहुंचाना।

## पौराणिक खेल मलखंब्ब प्रतियोगिता कल से 25 सितम्बर तक होगी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**मानव तिवाड़ी।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा कस्बे आचार्य विद्या सागर स्कूल, में जिला स्तरीय पौराणिक खेल मलखंब्ब प्रतियोगिता का आयोजन 22 सितम्बर से 25 सितम्बर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 सितम्बर को सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा करेंगे। ए वी एस स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे जिले के 25 सरकारी और निजी विद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन समारोह 25 सितम्बर को विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माली राम यादव ने कहा कि इस आयोजन




से युवाओं में खेल और परंपरागत खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी।

## बिजोलिया में सेवा सप्ताह के दावे धरे के धरे, कचरे के ढेर ने खोली सफाई व्यवस्था की पोल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**नरेश धाकड़ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे सेवा सप्ताह और स्वच्छता अभियान के दावे केवल कागजों तक सीमित साबित हुए हैं। मुख्य सड़क, बूंदी-चित्तौड़ मार्ग पर स्थित बिजासन माता मंदिर के पास कचरे के ढेर ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की



पोल खोल दी है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कचरे के ढेर के कारण जहरीले कीड़े-मकोड़े बढ़ गए हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और कई बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। तेज हवा के साथ पॉलिथीन और कचरा मुख्य मार्ग पर उड़कर आने-जाने वाले राहगीरों और बाइक सवारों के लिए भी खतरा बन रहा है। कई बार कचरा सीधे लोगों के चेहरे पर गिरने के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। दुकानदारों का कहना है कि नगर में साफ-सफाई अभियान केवल औपचारिकता तक सीमित है, और जमीन पर हालात बदहाल हैं। दुकानदारों ने नगर पालिका प्रशासन से तुरंत प्रभावी सफाई व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि सेवा सप्ताह का उद्देश्य सिर्फ दिखावा नहीं बल्कि वास्तविक जनहित में सफल हो सके।

## आरएसएस का पथ संचलन आज, तैयारियां पूरी



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आकोला शाखा द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज पथ संचलन का आयोजन होगा। संघ के सत्यनारायण सुथार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपद के साथ होगा। इसके बाद शाम 4:15 बजे संचलन प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए शाम 5 बजे पुनः विद्यालय परिसर में समापन होगा। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



## QUICK BITES

# बड़ला के संजय और कोमल का हॉकी में राज्य स्तर पर चयन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर


कोमल



संजय

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र संजय बलाई और छात्रा कोमल जाट का हॉकी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य जगदीश सिंह शक्तावत ने बताया कि हाल ही संपन्न 69वीं जिला स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 19 वर्ष छात्र वर्ग में संजय बलाई और 17 वर्ष छात्रा वर्ग में कोमल जाट का चयन किया गया। शारीरिक शिक्षक सूर्यपाल सुथार ने बताया कि दोनों खिलाड़ी 23 से 27 सितंबर तक शिवपुर, करेड़ा और डोहरिया में आयोजित होने वाले पूर्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। इसके बाद संजय पीएमश्री राउमावि भीनमाल जालौर और कोमल पीएमश्री राउमावि रिंगस सीकर में 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि से गांव में खुशी और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

# सिंधी समाज के चिकित्सकों का आज होगा सिंधु रत्न अलंकरण समारोह

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




**पेसवानी ।** पूज्य दादा हेमराजमल साहब सेवा समिति की ओर से 21 सितंबर, रविवार शाम 6 बजे नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर में 'सिंधु रत्न अलंकरण समारोह' आयोजित होगा।

समिति अध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी ने बताया कि समारोह में सिंधी समाज के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को समाजसेवा व चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

समिति सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन सेवा भावना को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रेरणा देने का उद्देश्य रखता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाज के सेवा भाव और एकजुटता का संदेश भी दिया जाएगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कोठाज में ग्रामीण सेवा शिविर, विधायक मीणा और प्रधान कानावत रहे आकर्षण का केंद्र

## विधायक बोले-योजनाओं को अंत्योदय तक पहुँचाना सरकार का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोठाज में शनिवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ विधायक गोपीचंद मीणा और प्रधान करण सिंह कानावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में दोनों जनप्रतिनिधि मुख्य आकर्षण रहे।

विधायक मीणा ने कहा कि शिविर सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं। कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे, यही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कोठाज को एक उभरती हुई मॉडल पंचायत बताया।




प्रधान कानावत ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गौशाला, नर्सरी, स्वच्छता व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और मियावकी पद्धति से लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर पंचायत की पहल की सराहना की। चिकित्सा विभाग की ओर से आयोजित शिविर में 50 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया।

इस अवसर पर राधेश्याम रेगर ग्राम बेरुंडा ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के लिए पंजीकरण कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विकास अधिकारी ने अन्य ग्रामीणों को भी योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। शिविर में अधिकारी, कर्मचारी, वार्डपंच, ग्रामीण और लाभार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कास्या व राणा जी का गुड्डा पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर, 46 मामलों का मौके पर निस्तारण

## काली कुम्हार का नाम सुधरा, नारानी भील को मिला पुश्तैनी पट्टा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**नरेश धाकड़ ।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कास्या और राणा जी का गुड्डा में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुए। शिविरों में कुल 46 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

कास्या पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में देबी निवास निवासी काली पुत्री हीरा कुम्हार ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम की जगह बरदी कुम्हार दर्ज है। उपखंड अधिकारी अजित सिंह ने जांच के बाद शिविर के दौरान ही रिकॉर्ड में सुधार कर बरदी कुम्हार की जगह काली कुम्हार दर्ज




कराया। नाम शुद्धि के बाद काली कुम्हार ने खुशी व्यक्त की और अधिकारियों का धन्यवाद दिया । राणा जी का गुड्डा पंचायत में नारानी भील ने अपने पुश्तैनी मकान का आवासीय पट्टा मांगा। शिविर प्रभारी अजित सिंह ने आदेश जारी कर नारानी को तुरंत पुश्तैनी पट्टा प्रदान किया।

दोनों शिविरों में 2 गैर-खातेदारी से खातेदारी, 30 किसानों की फसल गिरदावरी, 1 सहमति बंटवारा, 10 नामांतरण और 3 नाम शुद्धि के प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी अजित सिंह, तहसीलदार ललित डीडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, गुड्डा सरपंच भागीरथ भील, राजस्व अधिकारी संजय पाराशर सहित सभी विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# घटियाली व कालेडा कंवरजी में ग्रामीण सेवा शिविरों से 75 से अधिक प्रकरणों का निस्तारण

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत घटियाली और कालेडा कंवरजी में शनिवार, को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।

घटियाली पंचायत शिविर में कुल 73 से अधिक प्रकरणों का समाधान किया गया। इसमें पट्टा वितरण के 2 मामले, स्वामित्व कार्ड का 100 प्रतिशत वितरण, आपसी सहमति बंटवारे के 10, नामांतरण के 25, खाता दुरुस्ती के 10, किसान रजिस्ट्रेशन के 5, जन-धन खाते के 4, अटल पेंशन योजना का 1,




जीवन ज्योति बीमा के 2, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के 2, तारबंदी आवेदन के 2 और मंगला बीमा के 10 मामले शामिल रहे । वहीं, कालेडा कंवरजी पंचायत शिविर में भी ग्रामीणों को पेंशन, बीमा और किसान योजनाओं से जोड़ा गया तथा राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान प्रभारी अधिकारी डॉ. आस्था शर्मा, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, घटियाली सरपंच लीला देवी मीणा, कालेडा कंवरजी सरपंच अर्पित शर्मा, पूर्व सरपंच कालूराम सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाल मुंह के बंदरों का आतंक, ग्रामीण परेशान



भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

क्षेत्र में लाल मुंह के बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। करीब डेढ़ माह से 150-200 बंदरों का झुंड गलियों, खेतों और घरों की छतों पर सक्रिय हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बंदर शारीरिक और मानसिक परेशानी के साथ संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। छतों पर रखे कपड़े, गमले और पानी की टंकियां उखाड़ने की घटनाए बढ़ गई हैं। महिलाएं , बच्चे, बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि बंदरों के आतंक को नियंत्रित किया जा सके।

# रिटायर्ड पुलिस अधिकारी अंसारी की स्मृति में गौशालाओं को 21 ट्रॉली चारे का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सामुदायिक सौहार्द एवं समन्वय समिति के संस्थापक एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित रिटायर्ड पुलिस अधिकारी रमजान मोहम्मद अंसारी के निधन पर श्री रामजस सोडाणी समृद्धि संस्थान ने शहर की विभिन्न गौशालाओं को 21 ट्रॉली चार वितरित किया।

संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अशोक सोडाणी ने बताया कि अंसारी ने सांप्रदायिक सौहार्द और हिंदू-मुस्लिम



एकता के लिए सराहनीय कार्य किए। उनकी स्मृति में अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी ज्ञानमल खटीक के नेतृत्व में भीलवाड़ा की टीमों के बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट भी शीघ्र आयोजित किया जाएगा।

# मानपुरा की बेटियों का ताइक्कांडो में दमखम, 7 मेडल जीते

## सुमन तेली को मिला गोल्ड, राज्य स्तर के लिए चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**

रायपुर ब्लॉक के आशाहोली में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मानपुरा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सात पदक जीते। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पीरुलाल डीडवानिया ने बताया कि छात्रा सुमन तेली ने 52-55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया।



किन्ना जाट ने 46-49 किलोग्राम वर्ग में तथा राधिका लखारा ने 43-46 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक हासिल किए। खुशी तेली, शिवानी खटीक, दिव्या कुमावत और खुशी खटीक ने अपनी-अपनी भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य भंवरलाल मीणा, सरपंच चंदादेवी प्रजापत, स्टाफ सदस्यों और ग्रामवासियों ने सभी विजेता छात्राओं का अभिनंदन किया। सुमन तेली अब जयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर हरिशेवा संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पेसवानी** । हरिशेवा संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के परिचय पर विचार गोष्ठी हुई। प्राचार्य श्यामलाल सांगावत ने बताया कि गोष्ठी का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को समझना और विद्यालय स्तर पर उनके क्रियान्वयन की दिशा तय करना था। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने शिक्षा नीतियों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि नई नीति ज्ञान, चरित्र और कौशल आधारित है, जो विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाएगी। क्षेत्रीय संयोजक नितिन कासलीवाल ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. शंकरलाल माली ने मूल्यपरक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में कई शिक्षाविदों और शिक्षकों ने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार ने किया।


# मांडल में लाखों की लागत के डिवाइडर बने बदसूरती का प्रतीक

## देखरेख की कमी से पौधे सूख गए, कंटीली झाड़ियों ने ले लिया कब्जा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

नगर विकास न्यास द्वारा लाखों रुपये की लागत से बनाए गए डिवाइडर अब सौंदर्यीकरण की बजाय बदसूरती की पहचान बनते जा रहे हैं। फूलों और पौधों से सजाने की योजना के तहत लगाए गए ये डिवाइडर आज अंग्रेजी कंटीली झाड़ियों का अड्डा बनकर रह गए हैं, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।

मांडल-ब्यावर और मांडल-भीलवाड़ा मार्ग पर बने ये डिवाइडर, जो बीएसएनएल कार्यालय तक मौजूद हैं,




सौंदर्यीकरण के नाम पर बनाए गए थे। शुरू में इनमें पौधे और फूल लगाए गए थे, लेकिन देखरेख न होने के कारण वे सूख गए और उनकी जगह झाड़ियां पनप गईं। बद्रीलाल सुथार ने बताया कि राजनीतिक उपेक्षा के चलते लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कस्बे को वांछित स्वरूप नहीं मिल सका। सड़क किनारे धूल-मिट्टी जमा होने के कारण वाहनों के गुजरते ही धूल के गुब्बार उड़ते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और आए दिन हादसे भी घटित हो रहे हैं। बद्रीलाल ने संबंधित विभाग से तत्काल कार्यवाही की मांग की है ताकि डिवाइडरों का वास्तविक स्वरूप बहाल किया जा सके और ऐतिहासिक नगरी मांडल को नई पहचान मिल सके। गौरतलब है कि ये डिवाइडर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में मांडल विधायक रामलाल जाट की अनुशंसा पर नगर विकास न्यास द्वारा बनाए गए थे।

# निशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति और अंधता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 41 नेत्र रोगियों को परामर्श दिया गया और उनकी जांच निशुल्क की गई। शिविर का आयोजन पूर्व सीएमएचओ स्व. कमलनयन जागेटिया एवं सोहन भाई जागेटिया की स्मृति में किया गया। शिविर में डॉ. कृष्णा हेडा, फेको सर्जन ने रोगियों की जांच की और जिन जरूरतमंद मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता थी, उन्हें 21 सितंबर को स्पर्श हॉस्पिटल में निशुल्क ऑपरेशन के लिए नामांकित किया जाएगा। साथ ही, रोगियों को मुफ्त दवाइयां और काले चश्मे भी वितरित किए गए।

इस दौरान दंत रोग शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. रोहित बसेर ने विभिन्न दांत रोगियों की निशुल्क जांच की। शिविर में गणपत, सुशील और अरुण जागेटिया का विशेष सहयोग रहा। समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी, मीडिया प्रभारी महावीर समदानी , सुभाष गर्ग, जय किशन मित्तल, छीतरमल लढ्ढा, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, रामनारायण सोमानी और श्यामसुंदर पारीक सहित अन्य सदस्यों ने भी इस सेवा कार्य में योगदान दिया।



# राजस्थान हाईकोर्ट ने शहरी निकायों में चुनाव न कराने पर राज्य सरकार को फटकारा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने शहरी निकायों में तय समय पर चुनाव नहीं कराने पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में शहरी निकाय स्थानीय सरकार का दर्जा रखते हैं और इनके लिए प्रशासक बनाए रखना संविधान के खिलाफ है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि तुरंत चुनाव की तारीख घोषित कर लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल की जाए। कोर्ट ने उर्मिला अग्रवाल और अन्य की 10 याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि असीमित समय तक चुनाव टालना संविधान के खिलाफ है और इससे स्थानीय विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 243-यू के तहत शहरी निकाय का कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक नहीं हो सकता और इसे छह माह से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता। बावजूद इसके जनवरी 2025 में कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी नए चुनाव नहीं कराए गए। हाईकोर्ट ने कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद अधिकारियों को प्रशासक बनाए रखने या याचिकाकर्ताओं को प्रशासक बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग को आदेश दिया कि स्थानीय शासन में रिक्त पदों को भरते हुए चुनाव प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि 2020 में वे ग्राम पंचायत प्रतिनिधि चुने गए थे और जून 2021 में इन्हें शहरी निकायों में शामिल कर शहरी निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य बनाया गया। जनवरी 2025 में पांच साल का कार्यकाल पूरा होने पर इन्हें हटाया गया, जबकि अन्य सरपंच प्रशासक बने हुए हैं। याचिकाओं में



इसे भेदभावपूर्ण बताया गया और याचिकाकर्ताओं ने शहरी निकाय में सभापति बनाए रखने की मांग की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने तर्क दिया कि पंचायत और शहरी निकाय के नियम और कानूनी प्रावधान भिन्न हैं, इसलिए याचिकाकर्ताओं को पंचायत प्रतिनिधियों के समान अधिकार नहीं दिए जा सकते।

## QUICK BITES

### बीआईएस लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्करगढ़ में शनिवार को बीआईएस भारतीय मानक ब्यूरो के दिशा-निर्देशों पर आधारित लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश गुप्ता के उद्बोधन से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को गुणवत्ता वाली वस्तुएँ खरीदने, बिल रखना और मानकों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

प्रतियोगिता में मानक क्लब के 40 विद्यार्थीयो ने भाग लिया । व्याख्याता गणपत शर्मा ने बीआईएस, मानक निर्माण प्रक्रिया और असली-नकली उत्पादों की पहचान के तरीके समझाए। निर्णायक मंडल में भरत मीणा, शिव शंकर नागर, रामकेश गोचर और राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

विजेताओं में प्रथम साँवरा प्रजापत, मनोज कुमार शर्मा; द्वितीय- अंजली शर्मा, आरती कुमारी मीणा; तृतीय- अंशु मीना, मनीषा मीणा; चतुर्थ- महेंद्र कुमार भील, सुनील प्रजापत रहे। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और विजेताओं को मुख्य पुरस्कार प्रदान किए गए।

### धनोप माता मंदिर के दानपात्र से दो माह में 16.27 लाख रुपये निकले

**भीलवाड़ा फोकस @ फुलियाकला।**



आस्था के प्रतीक श्री धनोप माता मंदिर में शनिवार को दानपात्र खोला गया। मंदिर के दानपात्र से पिछले दो माह में 16 लाख 27 हजार 627 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दान की गिनती सुबह 8 बजे शुरू हुई और दोपहर 1 बजे तक पाँच घंटे चली। मंदिर कमेटी अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणावत ने बताया कि इससे पहले 16 जुलाई को खोले गए दानपात्र से 24.51 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। शनिवार को हुई गिनती में अध्यक्ष राणावत के साथ हेमेंद्र सिंह राणावत, सचिव रमेश चंद्र पंडा, कैलाश चंद्र पंडा, प्रदीप पंडा, महेश चंद्र जोशी, सुनील पालड़ेचा, लालाराम माली, रामधन गुर्जर सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### समाजसेविका पुष्पा को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली समाजसेविका पुष्पा गोखरू को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सूरत में आयोजित आचार्य भगवंत डॉ. शिव मुनि मसा के 84वें जन्मोत्सव के अवसर पर, श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की ओर से प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अमित राय जैन और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि गोखरू ने हजारों महिलाओं को स्वाध्याय से जोड़कर समाज में प्रेरक भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा रुचिरा सुराणा, मौजूदा राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष संतोष जैन, राष्ट्रीय युवाध्यक्ष विपुल जैन सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस-डीएसटी की कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। बड़लियास थाना एएसआई जेठमल ने बताया कि थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत, डीएसटी प्रभारी राजपाल सिंह व दीवान अशोक कुमार की टीम ने रेण गांव के पास बनास नदी से अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर थाने में खड़ा कराया। पुलिस व डीएसटी की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।